## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 05.06.2026 समय : 0705

<><><><><><><><><><>

1. द्वीपों के उप–राज्यपाल ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर युवाओं और छात्रों से पर्यावरण संरक्षण के अग्रदूत बनने की अपील की है।
2. क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान को गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के तहत प्रतिष्ठित BIS प्रमाणन से सम्मानित किया गया है।
3. कृषि विभाग ने धान के किसानों, सब्जी उत्पादकों, बागवानी और मसाला उत्पादकों के लिए परामर्श जारी किया है।
4. खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को आठ जून तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><><><><>

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, उप–राज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी ने द्वीपवासियों को शुभकामनाएं दी है। इस वर्ष का विषय है, 'प्रकृति से प्रेरित। जलवायु के लिए। हमारे भविष्य के लिए।' उन्होंने कहा कि जलवायु चुनौतियों से निपटने और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सतत भविष्य सुरक्षित करने में प्रकृति हमारी सबसे बड़ी सहयोगी है। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह को असाधारण प्राकृतिक संपदा का वरदान प्राप्त है, जिसमें घने जंगल, प्राचीन समुद्र तट, जीवंत मूंगा चट्टानें, विस्तृत मैंग्रोव और अद्वितीय जैव विविधता शामिल हैं। बढ़ते पर्यावरणीय संकटों और जलवायु परिवर्तन को देखते हुए, इन संवेदनशील प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। उप–राज्यपाल ने प्रशासन, शैक्षणिक संस्थानों, स्वैच्छिक संगठनों, युवा समूहों और नागरिकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मैंग्रोव वृक्षारोपण, समुद्र तट सफाई अभियान जैसी पहलों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में लगातार योगदान दे रहे हैं। उन्होंने द्वीपवासियों विशेष रूप से युवाओं और छात्रों से पर्यावरण संरक्षण के अग्रदूत बनने की अपील की है।

<><><><><><><><><><>

विश्व पर्यावरण दिवस, के हिस्से के रूप में, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण की ओर से द्वीप जैव विविधता पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए। इनमें स्कूली और कॉलेज के छात्रों के लिए चित्रकला और फोटोग्राफी प्रतियोगिताएं, द्वीपों की जीव विविधता पर विशेष प्रदर्शनी, सेमिनार, सफाई अभियान जैसी गतिविधियां चलाई गई। प्रत्येक वर्ष 5 जून को मनाये जाने वाले विश्व पर्यावरण दिवस की स्थापना संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1972 में की गई थी। इस वर्ष का विषय 'नाउ फॉर क्लाइमेट' है – जो मुख्य रूप से जलवायु परिवर्तन और तत्काल कार्रवाई पर केंद्रित है। इस संबंध में, विभाग आज शाम साढ़े तीन बजे कार्यालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस, के समापन समारोह का आयोजन करने जा रहा है।

<><><><><><><><><><>

केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद, आयुष मंत्रालय के अधीन क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान को गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के तहत प्रतिष्ठित BIS प्रमाणन से सम्मानित किया गया है। यह प्रमाणन भारतीय मानक ब्यूरो के वरिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा किए गए द्वितीय चरण के ऑडिट के बाद प्रदान किया गया। यह प्रमाणन संस्थान के गुणवत्ता प्रबंधन, प्रभावी शासन, रोगी–केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं, वैज्ञानिक अनुसंधान, व्यवस्थित दस्तावेज़ीकरण और संस्थागत प्रदर्शन में निरंतर सुधार के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के प्रति संस्थान की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

<><><><><><><><><><>

पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के सिद्धांतों के आधार पर भारत में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। सरकार के पिछले 12 वर्षों के विभिन्न क्षेत्रों में किए गए प्रयासों पर विशेष

श्रृंखला के तहत ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के क्षेत्र में केन्द्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में व्यापार और उद्योग को बढ़ावा देने के साथ–साथ कारोबार को आसान बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। इन सुधारों से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है और भारत दुनिया में प्रतिस्पर्धी व्यापारिक केंद्र के रूप में मजबूत हुआ है। 2016 में शुरू की गई स्टार्टअप इंडिया योजना नवाचार, उद्यमिता और निवेश आधारित विकास को बढ़ावा दे रही है। वहीं सरकारी खरीद प्रक्रिया को डिजिटल, सरल और सभी के लिए सुलभ बनाने के लिए 2016 में गवर्नमेंट ई–मार्केटप्लेस की शुरुआत की गई। GeM पर अब तक कुल कारोबार 18 लाख करोड़ रुपये से अधिक का हो चुका है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम के पंजीकरण को आसान बनाने के लिए, केन्द्र सरकार ने उद्यम पंजीकरण पोर्टल की शुरुआत की। इस पोर्टल पर पंजीकरण की संख्या अक्टूबर 2020 में 10 हजार थी जो बढ़कर अब आठ लाख 31 हजार से अधिक हो गई है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह में दक्षिण–पश्चिम मानसून के आगमन और भारी बारिश को देखते हुए, कृषि विभाग ने किसानों को समय पर मौसमी कृषि कार्य शुरू करने की सलाह दी है। विभाग ने धान के किसानों, सब्जी उत्पादकों, बागवानी और मसाला उत्पादकों के लिए परामर्श जारी करते हुए कहा है कि किसान नर्सरी की बुआई और खेत की तैयारी, कर सकते हैं। इसके लिए धान की उन्नत किस्मों के बीज द्वीपों के सभी कृषि उप–डिपो पर 15 रूपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अलावा पारंपरिक धान की किस्मों के बीज निंबुडेरा स्थित गुणन फार्म में 20 रूपये प्रति किलोग्राम की दर से बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए किसान अपने नजदीकी कृषि उप–डिपो, क्षेत्रीय कृषि कार्यालय या किसान कॉल सेंटर से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

द्वीपसमूह में दस जून तक एक या दो स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। इस दौरान हवा की गति 40–50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी, जिसके बढ़कर 60 किलोमीटर प्रतिघंटा होने की संभावना है। खराब मौसम के कारण मछुआरों को 8 जून तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><>

भाजपा के राष्ट्रीय प्रभारी रघुनाथ कुलकर्णी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अनिल तिवारी ने कल लोक निवास में उपराज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी से शिष्टाचार भेंट की। बैठक के दौरान प्रशासन की विभिन्न वृहद परियोजनाओं जैसे इंटरनेशनल कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल, इंटरनेशनल कंटेनर ट्रांसशिपमेंट पोर्ट, नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे, जीएनआई टाउनशिप और डीप वॉटर पोर्ट पर विस्तार से चर्चा की गई।

<><><><><><>

महिला और बाल विकास मंत्रालय ने अगस्त–सितंबर सत्र के लिए अपने इंटर्नशिप कार्यक्रम में भाग लेने के लिए महिलाओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसमें छात्राएं, शोधकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षक शामिल हो सकते हैं, जो किसी विश्वविद्यालय या अन्य शैक्षणिक, गैर–शैक्षणिक संस्थान से जुड़े हों। आवेदन ऑनलाइन पोर्टल wcd.intern.nic.in के माध्यम से किए जा सकते हैं।

<><><><><><>

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत राज्य हेल्थ सोसाइटी और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, की ओर से विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन किए जा रहे हैं। दो श्रेणियों में आयोजित होने वाले 500 से 800 शब्दों की निबंध लेखन प्रतियोगिता अंग्रेजी या हिंदी में से किसी भी भाषा में ए4 आकार के पेपर में हाथ से लिखी होनी चाहिए, निबंध मौलिक और तंबाकू नियंत्रण या तंबाकू के दुष्प्रभावों से संबंधित होना चाहिए। तंबाकू विरोधी जागरूकता और स्वस्थ जीवन शैली विषय के साथ चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।

चित्र ए2 ड्राइंग शीट या हाफ साइज चार्ट पेपर पर बनाई जानी चाहिए। प्रतिभागियों को अपना नाम, उम्र, पता और संपर्क नंबर लिखना होगा। प्रत्येक श्रेणियों के लिए नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। आवेदन 10 जून तक राज्य तंबाकू नियंत्रण सेल का कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं।

**<><><><><><><>**

प्रशासन के निर्देशों के तहत, विद्युत निदेशक के नेतृत्व में एक विशेष टीम और बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता, तकनीकी को स्थिति की निगरानी करने और मायाबंदर व टुगापुर में मौजूदा बिजली समस्याओं के समाधान के लिए मध्योत्तर अंडमान भेजा गया है। विभाग ने कहा है कि हायरिंग पावर प्लांट पानीघाट, में डीजी सेट खराब हो जाने के कारण इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति पर असर पड़ा है। डीजी सेट की मरम्मत का कार्य चल रहा है।

**<><><><><><><>**